एक नजर में

## विधिक सहायता जागरूकता शिविर का आयोजन



**सरदारपुर ।** प्रदीप कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण धार सुमोन सुलिया विधिक सहायता अधिकारी द्वारा सब जेल सरदारपुर का निरीक्षण किया गया । सब जेल सरदारपुर में निरूद्ध समस्त बंदियों हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया एवं समस्त बंदियों को विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के बारे में.. जानकारी दी गई एवं उनके स्वास्थ्य, भोजन, रहने की व्यवस्था एवं वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी के सबंध में के बारे में जानकारी ली गई, जमानती धाराओं में जमानत याचिका शीघ्र अधिवक्ता के द्वारा लगाने हेतु निर्देशीत किया गया एवं सजायाप्ता बंदियों के अपील संबंधी जानकारी ली गई, जमानत होने के बाद भी यदि जमानतदार के आभाव में जेल में निरूद्ध बंदियों एवं जुर्माने के आभाव में सजा भुगत रहे कैदियों की जानकारी ली गई एवं विधिक सहायता के पुर्ण कियान्वयन हेतु जिन बंदियों के नि:शुल्क विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त है एवं जिनकी जमानत याचिका वर्तमान दिनांक तक नही लगी उन बंदियों का चयन कर जमानत याचिका आवेदन माननीय न्यायालय एवं संबंधित अधिवक्ता को भेजने हेतु निर्देशीत किया गया है बंदियों के केस से संबंधित समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही निराकरण कर सुझाव दिये गये।

बाद सम्पूर्ण जेल का निरीक्षण किया गया। शिविर एवं निरीक्षण के दौरान जेल पर संजय कुमार परमार सहायक जेल अधीक्षक नाथुलाल जाटव इंचार्ज मुख्य प्रहरी, सियाराम लिमनपुरे वारंट शाखा प्रभारी अन्य ड्यूटीरत स्टॉफ उपस्थित रहे।

## विधिक मध्यस्थता शिविर आयोजित



**सरदारपुर ।** न्यायालय प्रांगण सरदारपुर में विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत विधिक मध्यस्थता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के तहसील सचिव एवं जिला जज श्री हेमंत यादव द्वितीय जिला जज रश्मि वॉल्टर तृतीय जिला जज श्री अब्दुल्लाह अहमद व्यवहार न्यायाधीश सुश्री रूही एजाज मेव उपस्थित थे । शिविर को संबोधित करते हुए जिला जज हेमंत यादव ने प्रकरण में मध्यस्थता के प्रावधान व उसकी प्रक्रिया के ऊपर विस्तृत प्रकाश डाला अभिभाषक संघ अध्यक्ष कमल किशोर वैष्णव मे भी मध्यस्थता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के सदस्य गण सर्वश्री राजेंद्र मेहता राजेंद्र सिंह राठौर औसाफखान दिनेश चंद्र पाटीदार अनिल पांडे केसी टांक अनिल भूरिया दिलीप वसुनिया हरिराम मुनिया व अन्य अभिभाषक गण व पक्षकारगण उपस्थित थे ।

## सरदारपुर के शनिग्रह मंदिर से वेयर हाऊस की स्ट्रीट लाइट बंद वाहन चालकों के साथ आमजन परेशान

**सरदारपुर।** नगर के पुराने नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद मार्ग व्यस्तम मार्ग है। इसी मार्ग से सटे हुए नवग्रह शनिदेव मन्दिर से वैयर हाउस तक लम्बे समय से स्ट्रीट लाइट बंद पडी हुई है, स्ट्रीट लाईट बंद रहने से वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि यह नेशनल हाइवे मार्ग है, वाहनों का आना-जाना 24 घंटे चला रहता है। नगर के नवीन यादव ने बताया कि स्ट्रीट लाइट बंद रहने से आमजन राहजनो और वाहन चालकों के किसी भी वक्त बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। लम्बे समय से बंद पडी स्ट्रीट लाइट की और नगर परिषद सरदारपुर को ध्यान देना चाहिए, ताकि कोई अनहोनी घटनाओं से बचा सके।

## चोर कहकर ले गए , सुनसान में उतार दिया मौत के घाट



**धामनोद ।** 31 दिसंबर 2025 की रात मिले अज्ञात शव की गुत्थी सुलझ गई है। लगभग 35 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में धामनोद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी और मामला अंधे कत्ल की तरह सामने आया था। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन और एसडीओपी मोनिका सिंह के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया । पूछताछ में सावन पिता जगदीश पटेल, निवासी नाईसेरी बस स्टैंड के पास धामनोद और कृष्णा पिता शुभम स्वामी, निवासी मंगल नगर लालवाड़ी मोहल्ला, ने हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने मृतक को ॿचोरॿ बताकर मोटरसाइकिल पर बैठाया और गुलझरी गांव के पास सुनसान इलाके में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। दोनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। इस सनसनीखेज खुलासे में नगर पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा, थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे, उपनिरीक्षक जयकिशन रायकवार, राहुल चौहान व आरक्षक मनीष राठौर की प्रमुख भूमिका रही।

## अनुसूचित क्षेत्र में गिरवी लाइसेंस के लिए सूचना जारी

**धार.** ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक निर्णऔर सार्थक प्रयास के परिणाम का दिन रहा ।

मध्यप्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में गिरवी लाइसेंस जारी करने हेतु सरकार द्वारा अधिकृत अधिसूचना जारी होना सभी ज्वेलर्स व्यापारियों के लिए बड़ी जीत है। हमारे छ्ष्ठङ्ख के माननीय प्रदेश सचिव श्री संतोषजी सराफ ने इस कार्य हेतु निरंतर परिश्रम, समर्पण और लंबा संघर्ष किया है, जिसके लिए वे बधाई एवं विशेष अभिनंदन के पात्र हैं।






# मिलेट श्रीअन्न की खेती करना शुरू करें : नीना वर्मा

**धार ।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास धार जिला धार के तत्वाधान में तीन दिवसीय कृषि मेले का आयोजन उदय रंजन क्लब में किया गया। कृषि मेले में मुख्य अतिथि नीना वर्मा विधायक धार की उपस्थिति में शुभारम्भ किया गया ।कृषि मेले में विधायक द्वारा बताया की जिस प्रकार पुराने जमाने में हमारे बुजुर्ग किसान भाई परम्परागत अनाज कोदो-कुटकी, रागी, सांवा, ज्वार, बाजरा की खेती भी करते थे एवं वही अनाज खाने में भी उपयोग करते थे इसलिए गम्भीर बिमारिया नहीं होती थी। अब इस आधुनिक समय में परम्परागत अनाज को छोडकर गेहू, सोयाबीन की लगातार खेती करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कम हो रही है किसानों अब परम् परागत कृषि की ओर ध्यान देना है शासन द्वारा किसानों के हित में मिलेट मिशन योजना शुरू की है जिसका लाभ लेकर मिलेट श्रीअन्न की खेती करना शुरू करे ।वर्तमान में गेहू फसल की कटाई के बाद किसानों भाईयों द्वारा शेष नरवाई को जला दिया जाता है इससे पर्यावरण प्रदुषण एवं मिट्टी के पौषक तत् व नष्ट हो रहे है। प्रदर्शिनी का अवलोकन करने पर नरवाई प्रबंधन के देशी पाटा यंत्र किसानों को उपयोग करने की सलाह दी गई एवं नरवाई नहीं जलाने की शपथ दिलाई।

कृषि मेले मे अशोक डावर सभापती कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत द्वारा मिलेट फसल को कम से कम अपने भोजन में शामिल करने एवं खेती करने के बारे में कहा गया। उप संचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया द्वारा बताया की मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 11 जनवरी से कृषक कल्याण वर्ष 2026 मनाया जा रहा है। इस अवसर पर किसानों के मध्य विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विगत लगभग 22 दिनों से प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रचार-प्रसार कृषि रथ संचालित किए गये हैं जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुँचाई जा रही है।

इसी क्रम में कृषि मेला प्रदर्शनी में 80 से भी अधिक कृषि आधुनिक प्रदर्शिनी विभिन्न कृषि आदान (खाद, बीज, दवाई) विक्रेता, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि एवं सिंचाई उन्नत यंत्रों की प्रदर्शिनियाँ लगाई गई है। मेले में जिले के किसानों भाईयों को वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले में मिलेट्स फसलों का रकबा क्षेत्र विस्तार कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढाने पर जोर दिया जावेगा।

मेले के तकनिकी सत्र में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमृतलाल बसेडिया एवं डॉ. नरेश गुप् ता द्वारा मिलेट उत् पादन तकनिकी जानकारी, प्रसंस्करण, मुल्य संवर्धन, विपणन, उन्नत बीज, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती की विस्तृत जानकारी दी गई।

> एन. के. ताम्बे सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि सस्य वैज्ञानिक द्वारा जैविक खाद तैयार करने की विधि, दलहन उत्पादन को बढावा देने और मिलेट फसल कोदो-कुटकी, ज्वार, बाजरा का रकबा कम से कम एक एकड़ में लगाने एवं प्राकृतिक तरिके से कीट नियंत्रण की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई ।कृषकों द्वारा लिये गये ज्ञान के आधार पर वैज्ञानिकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर कृषकों द्वारा दिया गया जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही कोरोमंडल कम्पनी के प्रदर्शिनी स्टॉल में कृषि मेले में नैनो डीएपी के लक्की ड्रॉ में अशोक भारमल ने जीता सोना भव्य कृषि मेले में आज उत्साह और तकनीक का संगम देखने को मिला कृषक को मुख्य अतिथि विधायक के कर कमलों द्वारा 1 ग्राम सोना पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया, %गोल्डन% विजेता मेले में नैनो डीएपी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निकाली गई कोरोमंडल के प्रतिनिधि श्री कृष्ण चंद्र पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे ।इसी प्रकारआरएमपीसीएल कम्पनी के लक्की ड्रॉ में सूरजसिंह जामसिंह ग्राम भिलखेडी वि.ख. सरदारपुर को भी उपहार प्रदान किया गया।

## सीएचओ वास्केल द्वारा ग्राम की महिलाओं को परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी दी

### बताए आयुष्मान कार्ड आभा आईडी, एवं हैल्थ कार्ड के लाभ





**बाग** - महिला एवं बाल विकास की आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 ग्राम नाहवेल पाटलीपुरा में महिला जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम नाहवेल की सीएचओ पूजा वास्केल द्वारा महिला को परिवार नियोजन के बारे में बताते हुए कहा की महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देना चाहिए उसमें खासकर गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में विशेष ध्यान देना चाहिए । गर्भवती महिलाए समय समय पर अपनी जांच व टीकाकरण आवश्यक कराए स्वास्थ के प्रति हमेशा जागरुक रहना चाहिए साथ ही शासन की योजना का लाभ भी लेते रहना चाहिए शासन ने महिला स्वास्थ पर अनेकों योजना संचालित कर रखी है । उसके लिए हमारे डाकोमेंस कम्पलीड रहना चाहिए ताकी समय आने पर हमें परेशानी ना उठाना पड़े इस दौरान सीएचओ वास्केल ने महिलाओं को अंतरा इंजेक्शन के बारे में भी बताया की उसके लगाने से हमें क्या लाभ मील सकता है वहीं माला एन टेबलेट के बारे मैं भी विस्तार पुर्वक जानकारी दी गई। एवं स्द्धश्चद्धह्यश्चह्य4 सर्वे भी किया गया । आयुष्मान भारत कार्ड,आभा आइडी, हेल्थ कार्ड के लाभ भी बताए क्षेत्र में सीएचओ के कार्य की प्रशंसा भी ग्रामीण महिलाओं की ओर कहा की समय समय पर मेडम द्वारा हमारे स्वास्थ को लेकर समस्त जानकारी दी जाती है । समय समय पर अपने श कार्य को अंजाम भी देती है । नवजात शिशू को छ- माह तक स्तन पान कराए उसके बाद ही खान पान ।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गजरी चौहान ने महिलाओं बाल विवाह पर समझाते हुए महिलाओ को बताया की बाल विवाह जैसी सामाजिक कूरोतियों पर हमें रोक लगाना चाहिए जबतक लडकी बालिग ना हो जाए तब तक उसका विवाह ना करे बाल विवाह करना एक अपराध भी है इस दौरान सीएचओ पूजा वास्केल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गजरी चौहान,सहायिका चांदनी मोर्या,आशा कार्यकर्ता भुरीबाइ जामोद,आशा सुपरवाइजर कला जमरा एवं फलिए की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं ।



## विश्व के 100 से अधिक देशों में हुआ एक साथ आयोजन

### महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में हुआ *IUPAC GWB* 2026 संगोष्ठी का आयोजन

**मनावर ।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय मनावर के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय संघोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर सी पाटिल सर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विभाग की डॉक्टर निशा गर्ग ने बताया कि यह संगोष्ठी आईयूपीएसी ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट डे के अंतर्गत रसायन शास्त्र के शिक्षक संघ होमी भाभा रिसर्च सेंटर मुंबई के द्वारा प्रतिवर्ष संचालित किया जाता है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से विज्ञान में महिलाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करने के लिए पूरे विश्व में 10 फरवरी को एक साथ अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए, विद्यालय और महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाता है ।पूरे विश्व में लगभग 100 देशों में अनेक जगह पर एक साथ आयोजित किया गया। महाविद्यालय में यह कार्यक्रम संगोष्ठी के तौर पर *भारतीय महिलाओं की विज्ञान में भूमिका* विषय पर आधारित था इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर मौली थॉमस पीएमसीओई चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर से थी ।उन्होंने उपरोक्त विषय पर व्याख्यान देते हुए भारत में विभिन्न महिलाओं का विज्ञान में भागीदारी जैसे कमल रणदीप , कमल सोहनी, पीके जानकी अमाल, राजेश्वरी चटर्जी, डॉ अन्नामनी, असीमा चैटर्जी,डॉक्टर ऐन.कलाई सेल्वी, टेसी थॉमस, डॉ गगनदीप कांग किरण मजूमदार शाह, जो की बायोकेम लिमिटेड एंड बायोटेक्नोलॉजी कंपनी की अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर है, भारत की ही डॉक्टर सौम्या स्वामीनाथन वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन की 2019 से के मुख्य साइंटिस्ट है।

विभाग अध्यक्ष डॉ अशोक बघेल डॉ वैशाली जोशी,प्रोफेसर सचिन रोचक तथा डॉक्टर जी.एस. वास्केल की कार्यक्रम आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्राचार्य डॉक्टर आर .सी. पांटेल प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर ईश्वर सिंह सस्त्या के मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपादित हो पाया। आईयूपीएसी ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट 2026 के राष्ट्रीय संयोजक डॉ विजेंद्र सोलंकी सर का भी कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा ।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न सहायक अध्यापक डॉ संगीता डाबर प्रोफेसर अजय सोलंकी ,अपील मुवेल मोहित सोनी ,डॉक्टर डी आर यादव श्रीमती छाया किनारे, विकास कटारे, सुनील भवेल आदि के साथ-साथ अन्य सहायक अध्यापक भी उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम में लगभग 100 से 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया डां जी.एस. वास्केल ने मुख्य वक्ता तथा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## बाबा चामलेश्वर महादेव की शाही सवारी और पंचदिवसीय रूद्र यज्ञ का आयोजन



**नागदा ।ग्राम जलोद में उम?गी श्रद्धा, बाबा चामलेश्वर महादेव की शाही सवारी और पंचदिवसीय रूद्र यज्ञ का भव्य आयोजन । ग्राम जलोद में इस वर्ष भी भक्ति और आस्था का संगम होने जा रहा है। श्री चामलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 34वें वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल पंचदिवसीय रूद्र यज्ञ एवं भव्य शाही सवारी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 13 फरवरी से शुरू होकर 17 फरवरी 2026 तक चलेगा।**

आयोजन समिति के अनुसार, पांच दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन विशेष पूजन और हवन संपन्न होंगे- जिनमें

13 फरवरी (शुक्रवार)- हेमाद्री स्नान, गणेश पूजन और मण्डप प्रवेश के साथ महोत्सव का शंखनाद होगा। रात्रि में महिला भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

14 फरवरी (शनिवार)- देवस्थापन एवं गृहशांति हवन। रात्रि में संगीतमय %श्री शिव-पार्वती विवाह कथा% का भक्त आनंद ले सकेंगे ।15 फरवरी (रविवार)- इस दिन महोत्सव का मुख्य आकर्षण बाबा चामलेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली जाएगी। साथ ही श्री शिव महा अभिषेक एवं हवन संपन्न होगा। 16 फरवरी (सोमवार)- देव पूजन एवं हवन के साथ रात्रि में भव्य %सुन्दरकाण्ड पाठ% का आयोजन होगा। 17 फरवरी (मंगलवार)- महोत्सव के अंतिम दिन गंगाजल पूजन और पूर्णाहुति के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। धर्मलाभ लेने की अपील समस्त धर्मप्रेमी जनता और ग्राम जलोद के निवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य आयोजन में पधारकर धर्मलाभ लेने और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने का निवेदन किया है। आयोजन का यह सत्तत 34 वा वर्ष है। आस्था और परंपरा का यह अद्भुत समागम क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना के साथ आयोजित किया जा रहा है।

एक नजर में

भाजपा जिला धार ग्रामीण कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर हुआ आयोजन

# दीनदयाल जी के विचारों से जीवन में बदलाव संभव : जयदीप पटेल



**मनावर-** भारतीय जनता पार्टी जिला धार ग्रामीण कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया भारतीय जनता पार्टी का पूरे देश में समर्पण निधि अभियान भी आज से प्रारंभ हुआ है। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मानती है उनके जीवन से हमें समर्पण की प्रेरणा मिलती है। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण हमें हमेशा देश के लिए कुछ कर गुजरने की ऊर्जा प्रदान करता है। इसी दौरान उन्होंने समर्पण निधि अभियान के प्रभारी की भी घोषणा की। जिसमें जिला संयोजक मनावर नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार को नियुक्त किया गया साथ ही भाजपा ग्रामीण जिले के चारों विधानसभा प्रभारी की घोषणा की इसके पश्चात प्रमुख नगर एवं बड़ी पंचायत के 15 प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जिले के 21 मंडल के 21 प्रभारी भी बनाए गए हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी समर्पित कार्यों के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हर मोर्चे पर तैयारी आज से ही शुरू करना होगा आने वाली विधानसभा चुनाव में जो गलतियां हम पहले कर चुके है, उन्हें ना दोहराए पूर्व सांसद छतरसिह दरबार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समर्पण निधि अभियान के महत्व को समझाया। दरबार में बताया कि किस तरह से जनसंघ की स्थापना हुई और आज भाजपा देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। समर्पण निधि अभियान में सर्वप्रथम धार जिला सांसद केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने चेक के माध्यम से सबसे पहली रसीद बनवाई। जो कार्यक्रम के पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा बनाई इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व सांसद छतरसिह दरबार, जिला पंचायत धार अध्यक्ष सरदार सिंह मे?ा, जिलाध्यक्ष अध्यक्ष चंचल पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, जिला महामंत्री महेंद्र मेरती मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री लोकेश मुकाती द्वारा किया गया। आभार जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र महाजन ने माना इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र परिहार , राकेश मोटसरा, मोहन पटेल , बृजेश चौहान भाजपा जिला मंत्री सदाशिव बरफा, सुनील पाटीदार, नागिन सोनी, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला , पिंकी वास्केल , भाजपा जिला कार्यालय मंत्री समस्त जिला पदाधिकारी, मोर्चे के अध्यक्ष, प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण धार जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर ने दी..